हरिभूमि-कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री


12 40 दिन बाद दुष्कर्म का फरार इनामी आरोपी...





12 माइंस में स्थानीय मजदूरों की भर्ती की...






# डूमरपानी में आस्था की घर-वापसी, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 14 सदस्यों ने अपनाया सनातन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आस्था, परंपरा और सामाजिक समरसता का सजीव उदाहरण नरहरपुर विकासखंड के पावन ग्राम डूमरपानी में देखने को मिला, जब एक ही परिवार के 14 सदस्यों ने विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पुनः अपने मूल सनातन हिन्दू धर्म में घर-वापसी की। ग्राम देवी के सान्निध्य में सम्पन्न इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावनाओं को सशक्त किया, बल्कि गांव में सौहार्द और एकता का संदेश भी दिया।

जानकारी के अनुसार यह परिवार पूर्व में ईसाई धर्म से जुड़ा हुआ था। शनिवार को ग्राम देवी मंदिर परिसर में परिवार के सदस्यों ने वैदिक विधि-विधान से पूजा-पाठ, हवन एवं क्षमा याचना कर सनातन परंपरा में पुनः प्रवेश किया। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की पावन अग्नि के बीच पूरा वातावरण श्रद्धा और शांति से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम ग्रामवासियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। घर-वापसी के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों ने परिवार का पारंपरिक स्वागत किया। उन्हें रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता एवं राम दरबार की फोटो फ्रेम भेंट की गई। भगवा तिलक लगाकर एवं जय श्रीराम के उद्घोष के साथ ग्रामीणों ने परिवार का अभिनंदन किया। ग्रामीणों का कहना था कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित बाल कथा व्यास नीतराज ने सनातन धर्म के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता एवं राम दरबार की फोटो फ्रेम की भेंट



### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

कार्यक्रम में पांचूराम मंडावी, सोनाराम सिन्हा, कुलेश्वर निषाद, परमानंद पटेल, माखन मंडावी, वासुदेव बघेल, पंचराम शोरी, राजकुमार पटेल, झाड़ूराम पटेल एवं गायता सोनाराम कोड़ोपी के अलावा ग्राम एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गड़बड़ी : नगरपालिका की दुकानों से खिलवाड़, नियमों को तोड़ने का खेल जारी

# नए बस स्टैंड की दुकानों की दीवार तोड़कर बदला जा रहा स्वरूप पर जिम्मेदार हैं मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरपालिका द्वारा निर्मित दुकानों को शहर की आर्थिकी की रीढ़ माना जाता है, परंतु कई लोगों ने दुकानों के स्वरूप को बदल दिया और कुछ लोग अभी भी बदलने का खेल कर रहे है। शहर के जिम्मेदारों ने हरिभूमि को नए बस स्टैंड के एक दुकान को तोड़कर उसके रूप को बदलने की फोटो भेजी और कहा कि इसे रोकना चाहिए। कांकेर नगरपालिका की यह कोई पहली दुकान स्वरूप बदलने की नही है, एक दर्जन से ज्यादा दुकानों के स्वरूप बदले गए, परंतु नगरपालिका का जिम्मेदार जमीनी अमले ने कभी भी अपनी जिम्मेदारी को निर्वाह करने का प्रयास नहीं किया।

जानकारी के अनुसार नए बस स्टैंड के डोम के पास दुकानें बनी हुई है और इन दुकानों के आवंटन को लेकर भी हो हल्ला मचा था, उसके बाद यह हो हल्ला किस तरह से शांत हुआ, यह नगरपालिका के जनप्रतिनिधि ही जान सकते है। इन दुकानों में आज तक किसी भी एक दुकान में शटर नहीं लगा है और दुकान का निर्माण भी पूरा नहीं हुआ, यहां तक दुकान का रंगरोगन भी नहीं हुआ है। तीन दिन पहले से पहली दुकान का शटर जहाँ लगना था, उसके स्वरूप को बदलकर सामने की ओर शटर लगाने के लिए दीवार को तोड़ दिया गया। नगर पालिका का इस क्षेत्र का राजस्व कर्मचारी दुकान की दीवार को तोड़ते हुए देखता रहा, परंतु किसी तरह से रोकने का प्रयास नहीं किया गया, यहाँ तक उच्च अधिकारी के भी संज्ञान में नहीं लाया गया। हरिभूमि को फोटो वाटसएप में उपलब्ध करवाने वाले कांकेर के नागरिक का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को भेजा और कुछ मीडिया के पास भेजा, परंतु किसी ने इस पर किसी भी तरह की पहल नही किया।

**नगरपालिका सीएमओ का कहना है कि संबंधित को जारी किया जाएगा नोटिस**



### नियमों की खुलेआम अनदेखी

नगरपालिका के नियमों में स्पष्ट उल्लेख है कि बिना अनुमति दुकान के ढांचे में बदलाव नहीं किया जा सकता और न ही दुकान को किसी अन्य व्यक्ति को उपकिराये पर दिया जा सकता है। इसके बावजूद कई किराएदार नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। दुकान की मानीटरिंग करने वाले कर्मचारी की लापरवाही का परिणाम है, उस पर अब कार्यवाही की मांग उठने लगी है। नगरपालिका प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो यह तय है कि इसके बाद यह मामला विधानसभा में उठ सकता है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर नगरपालिका के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि शहर में खुलेआम नियमों को ताक में रखकर दुकान के स्वरूप को बदला जा रहा है, उसके बाद चुप क्यों हैं? यह चुप्पी कई संदेह को जन्म देती है। समाचार प्रकाशन के बाद जनप्रतिनिधियों की नींद खुलती है या कुंभकर्णी नींद पर सोते रहेंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### होगी नियमानुसार कार्रवाई

नगरपालिका के सीएमओ पवन मेरिया से इस विषय पर जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि यह दुकान आसिफ खान के नाम पर आवंटित हुई है। दुकान के स्वरूप को बदलने के लिए कोई परमीशन नहीं लिया गया है। आवंटित दुकानदार को नोटिस दिया जाएगा। नोटिस का जवाब मिलने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

# 13 कट्टा धान चोरी मामले में दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, धान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



■ चोरी के मामले में विधि से संघर्ष बालक पर हुई कार्रवाई

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम रतेसरा कलारपारा में किसान के घर से अज्ञात चोरों द्वारा धान की चोरी का मामला सामने आया था। पीड़ित किसान ने पुलिस को बताया कि 6 एकड़ कृषि भूमि में धान की फसल लगाया था। धान को लैम्प्स में बेचने के लिए 40 कट्टा में भरकर घर के परछी में रखा था। अगले दिन धान कट्टा का गिनती किया तो 33 कट्टा के जगह सिर्फ 20 कट्टा धान परछी में था, 13 कट्टा धान गायब था। शिकायत पर चारामा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को पकड़ा और उनके कब्जे से धान को भी जप्त किया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे रतेसरा कलारपारा निवासी 60 वर्षीय खिलावन सिन्हा पिता स्व. अंगनूराम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मै एवं मेरे परिवार मिलकर 6 एकड़ कृषि भूमि में धान का फसल लगाते है और हर साल कि तरह इस वर्ष भी 6 एकड़ कृषि भूमि में अलग अलग प्रजाति का हाईब्रिड धान का फसल बोया था, जो माह नवंबर-दिसंबर में धान फसल कटाई कर मिंजाई कर अपने घर में रखा था, जिसे ग्राम खरथा के लैम्पस मे 82 क्विंटल धान बिक्री करने के लिए टोकन 21 जनवरी को मिलने पर 17 जनवरी को लैम्पस में बिक्री करने लेकर जाने के लिए अंदर का कमरा से बाहर परछी में 33 कट्टा धान प्रति बोरा 40 किलो ग्राम के भर्ती भरकर वजन कराकर रखा था। अगले दिन 18 जनवरी को सुबह उठा तो देखा कि मेरे घर के आंगन में धान का दाना गिरा हुआ था, जिस पर मुझे शंका हुआ। शंका होने पर परछी में रखे धान कट्टा का गिनती किया। गिनती में 33 कट्टा धान के जगह सिर्फ 20 कट्टा धान था, 13 कट्टा में भरा हुआ धान घर परछी में नही था। अज्ञात व्यक्ति ने 17 जनवरी की दरिम्यानी रात चोरी कर ले गया था। चोरी हुए 13 कट्टा धान कि कीमत 16 हजार रूपएं है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) बीएनएस के ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कोड़ेकुसी में कोटवार पर कार्रवाई नहीं होने से जनआक्रोश उबाल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



उप तहसील कार्यालय के सामने डटे ग्रामीण, भूख हड़ताल जारी

ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में ग्राम कोटवार की कथित लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई न होने से ग्रामीणों का सब्र जवाब दे रहा है। प्रशासन की चुप्पी से आक्रोशित ग्रामीणों ने 16 जनवरी से उप तहसील कार्यालय कोड़ेकुसी के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी थी, जो सोमवार को चौथे दिन भी लगातार जारी रही। धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि अब यह आंदोलन केवल मांग नहीं, बल्कि न्याय की लड़ाई बन चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की सरपंच साधना सहारे के नेतृत्व में पूर्व में तहसीलदार दुर्गूकोंदल को लिखित ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि यदि दो दिनों के भीतर कोटवार के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होती, तो आंदोलन किया जाएगा। तय समय बीतने के बावजूद न कोई निर्णय लिया गया और न ही कोई जवाब दिया गया, जिससे ग्रामीणों में गहरा असंतोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटवार की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर उसे पद से हटाने की अनुशंसा की गई थी। मामले की जांच के दौरान ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सशस्त्र सीमा बल के जवानों को तनाव मुक्ति का फंडा सिखाया

**अंतागढ़।** 28 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ अंतर्गत सीओबी तुमापाल में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में आयोजित स्ट्रेस मैनेजमेंट का शुभारंभ 19 जनवरी को हुआ और इसका समापन 23 जनवरी को होगा। वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम के नेतृत्व में आयोजित आर्ट आफ लिविंग के इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर वाहिनी के कार्मिकों ने श्वास-प्रश्वास, ध्यान एवं सकारात्मक सोच पर आधारित तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक सूत्रों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सत्रों के दौरान कार्मिकों ने अपने दैनिक कार्य-दबाव को संतुलन, ऊर्जा एवं आत्मविश्वास में परिवर्तित करने का अनुभव साझा किया। यह कार्यक्रम मानसिक सशक्तिकरण और आंतरिक शांति की दिशा में एक सार्थक एवं प्रभावी पहल के रूप में सामने आया। कार्यक्रम का संचालन सतीश पेडगाँवकर, सेवानिवृत्त चीफ जनरल मैनेजर भिलाई स्टील प्लांट द्वारा किया जा रहा है। उनके अनुभवी मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु सरल, व्यवहारिक एवं प्रभावी तकनीकों से अवगत कराया गया।

# तेज रफ्तार सवारी बस से गिरी महिला गंभीर, चालक की लापरवाही से हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ भानुप्रतापपुर में हुई दुर्घटना, यात्रियों में दहशत





पखंजूर से रायपुर जा रही कांकेर रोडवेज की एक बस से महिला यात्री के गिरकर गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने न सिर्फ यात्रियों को दहशत में डाल दिया, बल्कि बस चालकों की मनमानी रफ्तार पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जाँच शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, कांकेर रोडवेज की यात्री बस भानुप्रतापपुर क्षेत्र से गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस अत्यधिक तेज गति से चल रही थी। इसी दौरान अचानक झटका लगने या संतुलन बिगड़ने से एक महिला यात्री बस से नीचे गिर पड़ी। गिरते ही महिला को गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर तड़पने लगी। घटना को देखकर बस में सवार अन्य यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर उपस्थित लोग मानवीय संवेदना दिखाते हुए घायल महिला को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे विशेष निगरानी में रखा है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। हादसे ▶▶| शेष पेज 10 पर

## राजा-महाराजाओं के समय से चली आ रही परंपरा आज भी जीवंत

# अंतागढ़ में श्रद्धा एवं आस्था का संगम धूमधाम से मनाया माता पहुंचानी पर्व, किए विविध अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



आदिवासी परंपराओं और लोक आस्था का प्रतीक माता पहुंचानी पर्व इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा, विश्वास और उल्लास के साथ मनाया गया। अमाबुद्दीन स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर ओर देवी-देवताओं के जयकारे, पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक अनुष्ठानों का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। यह पर्व न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही बस्तर की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण भी है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार माता पहुंचानी की परंपरा राजा-महाराजाओं के समय से चली आ रही है। साल में एक बार मनाया जाने वाला यह पर्व शीतला माता से जुड़ा हुआ है। विश्वास है कि जिस घर में माता का प्रवेश होता है, चाहे वह बच्चा हो या जवान, उसके शरीर पर दाने निकल आते हैं, जिसे आज की भाषा में चेचक कहा जाता है। ऐसे में शीतला माता के पुजारी को तुरंत बुलाया जाता है। पुजारी नाड़ी देखकर माता के आगमन की पुष्टि करते हैं और विधि-विधान से नीम, पानी और नारियल के साथ पूजा-अर्चना शुरू होती है। मान्यता के अनुसार माता आए सदस्य के पलंग के नीचे नीम की डालियां और पानी से भरा बड़ा बर्तन रखा जाता है। पुजारी तीन दिनों तक अर्जी-विनती कर माता को शांत करने का अनुष्ठान करते हैं। इसके बाद उस सदस्य को स्नान कराकर दूध-दही का छिड़काव किया जाता है। माता पहुंचानी के दिन माता आए सभी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### देवी देवताओं की निकाली झांकी

इस अवसर पर शीतला माता के साथ आंगदेव, डांग डोला सहित अन्य देवी-देवताओं की परंपरागत झांकियां निकाली जाती हैं। पुजारी, गांव के नागरिक और माता आए लोग मिलकर परघाना करते हुए मंदिर पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में सभी माता आए सदस्य ढाई परिक्रमा करते हैं और उनके ऊपर दूध-दही का छिड़काव कर माता से क्षमा याचना की जाती है। पूजन के उपरांत देवी-देवताओं की आरती कर सभी अपने-अपने घर लौटते हैं, जहां प्रसाद वितरण कर आसपास के लोगों को भोजन कराया जाता है।

# कोलांग गजूर आयोजन से सामाजिक एकता मजबूत हुई : विधायक सावित्री



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम गुड़फेल में आयोजित कोलांग गजूर कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और प्रकृति संरक्षण का जीवंत उदाहरण बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजनों से समाज में एकजुटता और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। विधायक मंडावी ने कहा मुझे गर्व है कि मैं ऐसे समाज की बेटी और बहू हूं, जिसका गहरा जुड़ाव प्रकृति के साथ है। हमारी संस्कृति ही हमें प्रकृति से प्रेम और संरक्षण की सीख देती है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी परंपराओं को जीवित रखते हुए पर्यावरण की रक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, रीति-रिवाज और प्रकृति के प्रति सम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज की मांग पर विधायक ने सर्कल गोंडवाना भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की घोषणा की। इस घोषणा से क्षेत्रवासियों और समाज के लोगों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। विधायक ने आश्वस्त किया कि समाज ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### ब्लाक कांग्रेस का एक दिवसीय धरना 23 को



**दुर्गुकोंदल।** किसानों कि समस्याओं को देखते हुए दुर्गुकोंदल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 23 जनवरी को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया। यह धरना दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले जोन, सेक्टर एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधि भी धरना प्रदर्शन में सहभागिता करेंगे। मुख्य मांग है कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाए और जिन किसानों का धान अब तक नहीं बिक पाया है, उनकी शीघ्र खरीदी सुनिश्चित की जाए।

### कांकेर पॉलीटेक्निक की महिला टीम ने मारी बाजी



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर भवन सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025-26 में रस्साकशी खेल में शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर की महिला वर्ग की टीम विजेता तथा पुरुष वर्ग की टीम उपविजेता रही। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह सम्मान कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के मंत्री गुरू खुशवंत साहेब द्वारा संस्था के प्राचार्य एवं खेल अधिकारी को प्रदान किया गया।

### युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम संगम के युवक ने जहर खा लिया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक संगम निवासी 19 वर्षीय मनेश नुरूटी पिता बुधराम नुरूटी ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्घटना में युवक की हुई, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत बनोली निवासी 32 वर्षीय संजय पोटाई पिता बुधुराम पोटाई का इमलीपारा हाटकर्रा के पास एक्सीडेंट होने से मौत हो गया। बनोली निवासी 62 वर्षीय बुधुराम पोटाई पिता स्व. मंगलू राम पोटाई ने पुलिस को बताया कि मृतक 17 जनवरी की रात को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दस्तावेज सत्यापन 27 एवं 28 जनवरी को

**कांकेर।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा नई दिल्ली में तैयारी के लिए 28 दिसम्बर को परीक्षा आयोजित की गई थी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा मिली जानकारी अनुसार प्राक्चयन परीक्षा के मेरिट सूची अनुसार दस्तावेज सत्यापन मुख्यालय इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित मीटिंग हॉल क्र. 04 तृतीय तल में सत्यापन करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति के लिए 27 जनवरी तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 28 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 04 बजे तक दस्तावेज सत्यापन की तिथि निर्धारित की गई है।

## खबर संक्षेप

### नरहरदेव स्कूल में वार्षिकोत्सव व आनंद मेले का आयोजन किया



**कांकेर।** पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय कांकेर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। प्रथम दिवस आनंद मेला आयोजित किया गया, जिसमे विद्यार्थियों के द्वारा लगभग 80 स्टाल लगाए गए, जो भारत के विभिन्न राज्यों के पकवानों के थे। इसी दिन बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ी एवं जनजातीय थीम पर नृत्य एवं रैंप वाक किया गया। द्वितीय दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नरहरदेव विद्यालय के अतिरिक्त भानुप्रतापपुर, नरहरपुर, चारामा, दुर्गुकोंदल एवं अंतागढ़ पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम विधायक, विशिष्ट अतिथियों के रूप में भरत मटियारा एवं सीईओ हरेश मंडावी, डीईओ रमेश निषाद, डीएमसी नवनीत पटेल उपस्थित रहे।

### नारायणपुर में मेला 23 को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम नारायणपुर में इस वर्ष पारंपरिक मेला 23 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। मेले के अवसर पर ग्राम अर्जुनदा की प्रसिद्ध लहर गंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति ग्राम नारायणपुर में होने जा रही है, जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी महिला संगठन नारायणपुर द्वारा ली गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम के बुजुर्ग सियान, ग्राम पटेल, गायता, जनपद सदस्य, सरपंच सहित पंचायत की पूरी टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मेले में पारंपरिक संस्कृति, लोककला और सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिलेगी।

# 'हम होंगे कामयाब': कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिले परीक्षा के तनाव से निपटने के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

## डीएवी स्कूल में हुई मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला

कोंडागांव जिले के ब्लॉक फरसगांव के ग्राम बड़ेडोगर स्थित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में सीजी एग्रिकोन युवोदय के तत्वावधान में हम होंगे कामयाब थीम पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन 19 जनवरी सोमवार को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव और डर से मुक्त कर मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यशाला में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को पहचानने, उससे निपटने के आसान उपाय, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बनाए रखने की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नियमित पढ़ाई, संतुलित दिनचर्या और मन को शांत रखने से परीक्षा का दबाव कम किया जा सकता है।



### आपसी संवाद बनाए रखने पर दिया विशेष जोर

कार्यक्रम के दौरान हम होंगे कामयाब संदेश के माध्यम से छात्रों को यह समझाया गया कि परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, जीवन की सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, जरूरत पड़ने पर सहायता लेने और आपसी संवाद बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों और प्रेरणादायक संवादों के माध्यम से छात्रों को खुलकर अपनी बात रखने का अवसर मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। आयोजन ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ छात्र अपने मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें. विद्यालय प्रबंधन एवं छात्रों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं।

## कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया विधिवत शुभारंभ

# शामपुर एकलव्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास व सभाकक्ष का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शामपुर में शुक्रवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्मार्ट क्लास एवं नवनिर्मित सभाकक्ष का विधिवत उद्घाटन किया।

- पाठ्य सामग्री, प्रतियोगी तैयारी और बोर्ड परीक्षा पर चर्चा
- विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

उद्घाटन उपरांत कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एसएमसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रतिवेदन में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही पाठ्य सामग्री, प्रतिमाह दी जाने वाली आवश्यक वस्तुएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सिलेबस की प्रगति तथा बोर्ड कक्षाओं के लिए की जा रही विशेष तैयारियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बैठक में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा का दबाव बच्चों के मानसिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, इसलिए नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था आवश्यक है।



### एचबी टेस्ट नियमित कराने के निर्देश

कलेक्टर ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की समुचित निगरानी के लिए एचबी हीमोग्लोबिन टेस्ट नियमित रूप से कराने के निर्देश भी दिए। स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की सराहना करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इससे विद्यार्थियों की समझ, रुचि और सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी और वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे।

### कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सहायता

विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन के साथ–साथ मेंटल हेल्थ काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है। कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।



### अधिकारी, शिक्षक एवं पालक रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# विधानसभा को मिली करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोण्डागांव विधानसभा की लोकप्रिय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी के सतत प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग की बड़ी उपलब्धि।

- किसानों को सिंचाई के क्षेत्र में 430 हेक्टेयर की मिलेगी मदद

मिली है जिस में 1326.44 लाख रुपये के 4 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिससे कुल 430 हैक्टेयर सिंचाई क्षेत्रफल लाभांवित होगा लता उसेंडी ने कोंडागांव विधानसभा के किसान नागरिक जन कि ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त करते हुवे धन्यवाद ज्ञापित किया। कुसमा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य 323.57 लाख



रुपये, सुकुरपाल मारीपारा के अमेली स्टॉप डेम निर्माण कार्य 292.70 लाख रुपये, घोड़ागांव एनिकट क्रमांक 02 का मरमत एवं गेट लगाने का कार्य 416.12 लाख रुपये, कोपबेड़ा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य 294.05 लाख रुपये इन कार्यों से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और कृषि विकास में मदद मिलेगी। पूर्व में भी उनके प्रयासों से सड़कों, पुल–पुलिया, भवन एवं सांस्कृतिक भवनों सहित अनेक विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है।

### विधायक उसेंडी के प्रयासों से मिली स्वीकृति

इसी क्रम में एक बार फिर कोण्डागांव विधानसभा को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में विधायक लता उसेंडी के प्रयासों से विकास कार्यों में प्रमुख इन विकास कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुविधा सुदृढ़ होगी तथा आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। विकास कार्यों की मंजूरी के बाद समस्त ग्रामवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।क्षेत्रवासियों ने विधायक लता उसेंडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कोण्डागांव विधानसभा निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।

# पशुधन विकास विभाग ने आयोजित की क्षमता निर्माण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पशुधन विकास विभाग जिला कोंडागांव द्वारा 17 जनवरी को फॉरेस्ट डिपो स्थित ऑडिटोरियम हॉल में कैपेसिटी बिल्डिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

- फॉरेस्ट डिपो के ऑडिटोरियम हॉल में हुआ कार्यक्रम

कार्यशाला का आयोजन उप संचालक डॉ. एम.बी. सिंह के निर्देशन एवं वरिष्ठ अतिरिक्त उप संचालक डॉ. चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में जिले के शत–प्रतिशत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि वैज्ञानिक डॉ. हितेष मिश्रा, उप संचालक एवं वरिष्ठ अतिरिक्त उप संचालक सहित समस्त सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य देवी के पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने अपने विचार रखे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. हितेष मिश्रा द्वारा कार्यशाला का उद्घोषण करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचको क्षमता निर्माण से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही गोधन विषय पर राज्य शासन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष राधेश्याम द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला पशु चिकित्सा अधिकारी दुर्गा प्रसाद, संतोष मरकाम, आलोक नेताम, भोला ठाकुर, एस.एस. नेताम, एम.एस. ध्रुव, गिरजा शंकर, मालती नेताम, गौ कुमारी, श्रीमती सुभद्रा मरकाम, अश्विन, इंद्रजीत पाण्डेय, मनीषा साहू, कु. रेवती मरकाम, दीपक पाण्डेय, दीपेश विश्वश, बिरजू कचलाम, सदानंद शहाना, वारिश नंद, लिपिक वर्ग से के.के. उयके, मनीष नेताम, राणा तथा चतुर्थ वर्ग के जिला अध्यक्ष मुकेश देवांगन सहित जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में छग के प्रतिनिधियों की रही सहभागिता

**कांकेर।** नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से संपन्न हुई। विधायक विक्रम उसेंडी ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य से पार्टी के मंत्रीगण, विधायक, सांसदगण एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पार्टी संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी औपचारिकताओं का पालन किया गया। छत्तीसगढ़ से पहुंचे मंत्रीगण, विधायक एवं सांसदगण ने पार्टी की एकता, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए इस प्रक्रिया को ऐतिहासिक बताया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करता है तथा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करता है। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी द्वारा देशभर में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। विधायक विक्रम उसेंडी ने यह भी कहा कि राज्य में पार्टी संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और केंद्र व राज्य सरकार के समन्वय से जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी को उन्होंने अपने लिए गौरव का विषय बताया। समापन अवसर पर सभी प्रतिनिधियों ने पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और संकल्प लिया कि वे संगठन के विस्तार, राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

# भाजपा महिला मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

पुराने बसस्टैंड परिसर में आज भाजपा महिला मोर्चा की दो नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने पुष्पहार पहनाकर दोनों जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आश्रम वार्ड की पार्षद रमशीला नाग के भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा तहसीलपारा वार्ड की पार्षद संगीता जैन के भाजपा महिला मोर्चा नारायणपुर की जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में संगठनात्मक एकता और महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह दोनों नियुक्तियां सक्रियता और जनसेवा की भावना का प्रतिफल हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि रमशीला नाग एवं संगीता जैन अपने दायित्वों का निष्ठा एवं कर्मठता से निर्वहन करते हुए महिला मोर्चा को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी और समाजहित के कार्यों को और अधिक गति देंगी। कार्यक्रम में पार्षदगण संजय नंदी, कमलापति मिश्रा, प्रवीण जैन, हेमंत पात्र, कौशल बघेल, संतोष गोटा,गोविंद भोयर, रीता मंडल, नेहा कश्यप एवं कृति पोटाई ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।



# ट्रांसफॉर्मर में लगी आग नहीं हुई कोई जनहानि

**फरसगांव।** सोमवार की सुबह करीब 10 बजे फरसगांव नगर के बाजार स्थल पर स्थित ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तुरंत विद्युत विभाग को दिया। जिसके बाद विभाग द्वारा मौके पर पहुँचकर आग को बुझाया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। गनीमत रही कि यह घटना भरे बाजार के समय नहीं हुई, अन्यथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग सब्जी की दुकानें लगाते हैं,जिन्हें बड़ा नुकसान हो सकता था। क्योंकि ट्रांसफार्मर के नीचे ग्रामीण अपनी दुकान लगाते हैं और बाजार के दिन ट्रांसफार्मर के पास भीड़ भाड़ की स्थिति भी रहती है। गनीमत रही की घटना के समय बाजार नहीं लगा था और ना ही भीड भाड़ नही था, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा सुधार कार्य करने के बाद फिर से ट्रांसफार्मर को चालू किया गया। सुधार कार्य दोरान उस क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति उसे क्षेत्र पर बंद रही।



## कच्चे मकान की परेशानी से मिली मुक्ति, पक्का घर बना जीवन का सहारा

# पीएम आवास योजना से शिवानी के परिवार को मिला नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

फॉरेस्ट कॉलोनी, कोण्डागांव की निवासी शिवानी तिवारी और उनके पति आशीष तिवारी लंबे समय तक कच्चे मकान में रहने को विवश थे। सीमित आय और असुरक्षित आवास के कारण परिवार को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात में छत से पानी टपकता, फर्श में सीलन रहती और बच्चों की पढ़ाई व स्वास्थ्य प्रभावित होता था। नगर पालिका परिषद, कोण्डागांव की योजना टीम द्वारा किए गए सर्वे और मार्गदर्शन से परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की जानकारी मिली। पात्रता के अनुरूप आवश्यक दस्तावेज जमा कर आवेदन किया गया, जिसके बाद उन्हें योजना की स्वीकृति मिली। आवास स्वीकृति मिलने पर परिवार ने साहसिक निर्णय लेते हुए कच्चे मकान को तोड़कर पक्का घर बनाने का कार्य शुरू सी वर्ष उनकी बेटी की बारहवीं की बोर्ड परीक्षा थी, इसलिए बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण देना परिवार की प्राथमिकता रही। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण की प्रगति के अनुसार राशि किश्तों में सीधे बैंक खाते में प्राप्त हुई। प्रत्येक चरण में जियो–टैग्ड फोटो अपलोड कर सत्यापन किया गया, जिससे निर्माण कार्य समय पर और पारदर्शी तरीके से पूर्ण हो सका। पक्का मकान बनने के बाद परिवार को उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन से नल–जल सुविधा, स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय एवं डस्टबिन, आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से राशन की सुविधा मिली। साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि भी प्राप्त हो रही है।

- शासकीय योजनाओं के समन्वय से बदला परिवार का भविष्य



### पक्का घर बना सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक

शिवानी बताती हैं कि नया घर उनके लिए केवल छत नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का प्रतीक है। बच्चों की पढ़ाई नियमित हो गई है, स्वास्थ्य में सुधार आया है और मानसिक तनाव भी कम हुआ है। आज शिवानी तिवारी और उनका परिवार अपने स्वच्छ, सुरक्षित और पक्के घर में खुशहाल जीवन जी रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन में स्थायित्व और सम्मान जोड़ा है। इसके लिए श्रीमती शिवानी तिवारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## पेज 9 के शेष

### डूमरपानी में आस्था...

मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन परंपरा करुणा, सहिष्णुता और आत्मिक शुद्धता का मार्ग प्रशस्त करती है। यह व्यक्ति को समाज, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करती है। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया और ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि एवं सामाजिक एकता की कामना की गई। ग्रामवासियों ने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन आपसी संवाद और भाईचारे को और अधिक मजबूत करते हैं।

### 13 कट्टा धान...

तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। चारामा पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए चोरी की पतासाजी किया और एक इनपुट के आधार पर आरोपी दरगाहन निवासी सूरज देवांगन के द्वारा नाबालिक साथी के साथ मिलकर स्कूटी से किसान के घर परछी में रखें 13 कट्टा धान को चोरी करना स्वीकार किया एवं घटना में चोरी की संपत्ति को उनके कब्जे से जप्त किया गया। सूरज देवांगन पिता स्व. सुरेश देवांगन और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया गया।

### कोड़ेकुसी में कोटवार...

हल्का पटवारी क्रमांक 12 द्वारा मौके पर पहुंचकर गवाहों के बयान दर्ज किए गए और पंचनामा भी तैयार किया गया, जिसमें कोटवार की लापरवाही से जुड़े तथ्य दर्ज हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई न होना सवाल खड़े करता है।

भूख हड़ताल में सरपंच साधना सहारे, पूर्व सरपंच फतेहसिंह मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हैं। आंदोलन को जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, कांग्रेस नेताओं और अन्य जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिल रहा है।

### तेज रफ्तार सवारी...

की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की। पुलिस ने संबंधित बस को जब्त कर थाने लाया, जहां बस के कागजातों की जांच की जा रही है। साथ ही बस चालक से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों और नियमित यात्रियों ने इस घटना पर गहरी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर निजी बसों की तेज रफ्तार आम बात हो गई है, जिसके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने पुलिस-प्रशासन से बस चालकों की गति पर सख्त नियंत्रण, नियमित चेकिंग और कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी और की जान जोखिम में न पड़े और यात्रियों को सुरक्षित सफर मिल सके।

### अंतागढ़ में श्रद्धा...

सदस्य नए वस्त्र धारण कर अपने परिवार के साथ गली-मोहल्लों में एकत्र होते हैं। माता पहुंचानी पर्व न केवल रोग निवारण की आस्था से जुड़ा है, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है।

### कोलांग गजूर आयोजन...

के सर्वांगीण विकास के लिए वे सदैव प्रयासरत रहेंगी। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी एवं वरिष्ठ व्यक्तित्वों का सम्मान भी किया गया। सम्मान समारोह के माध्यम से सामाजिक सेवा, संस्कृति संरक्षण और सामुदायिक एकता के लिए किए गए कार्यों को सराहा गया। कार्यक्रम के समापन पर पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, अध्यक्ष धनेश नरेटी, झाड़ूराम उइका, उदय पुरामे, हुमन मरकाम, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, सोमदेव कोरेटी, सुखचंद प्रजापति, अस्सी राम उयका, मुकेश कुमार पुडो, सरपंच सिवनी उमेशवरी मंडावी, सुनीता बोगा, शकर बोगा सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गौ विज्ञान परीक्षा व गौ सेवा संकल्प दिवस मना



**बस्तर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में आज गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन श्रद्धा एवं सांस्कृतिक चेतना के साथ किया गया। यह दिन विद्यालय में गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपरा, गौ-संस्कृति और पर्यावरणीय चेतना के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गोवंश से ही होगा पंच परिवर्तन विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें गौवंश के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं नैतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और इसमें गौवंश की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सुरभय नमः मंत्र का सामूहिक उच्चारण किया गया तथा वैदिक परंपरा के अनुसार हवन का आयोजन भी किया गया।

## निधन

### राकेश तिवारी

**जगदलपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सदस्य राकेश तिवारी (नारियल वाले) गोल बाजार पुत्र स्व. रामअवतार तिवारी निवासी बालाजी वार्ड का आज प्रातः निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे संजय तिवारी एवं राजेश तिवारी के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकली।

### मोहनलाल अग्रवाल

**जगदलपुर।** महादेवघाट निवासी मोहनलाल अग्रवाल का आज आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 20 जनवरी सुबह 9 बजे महादेवघाट सर्किट हाउस के पीछे स्थित निवास से निकलेगी।



### नवीन कुमार आचार्य

**जगदलपुर।** अशोका लाईफ स्टाईल धरमपुरा निवासी नवीन कुमार आचार्य उम्र 78 का निधन 19 जनवरी को अपराह्न 4.30 बजे हृदय गति रुक जाने से निजी हास्पीटल में हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 20 जनवरी को प्रातः 10 बजे उनके निवास स्थान से निकलेगी।



# अब झोपड़ी में नहीं, पक्के स्कूल में गूंजेगी ककहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

दशकों तक अभाव, असुरक्षा और हिंसा के साए में जीवन बिताने वाले उसूर विकासखंड के अत्यंत सुदूर अंदरूनी क्षेत्र जीड़पल्ली के

- जिला प्रशासन ने बदली बच्चों की शिक्षा की दिशा

नौनिहालों के चेहरों पर अब नई मुस्कान खिल उठी है। झोपड़ी में संचालित होने वाले स्कूल की जगह अब एक पक्का, सुरक्षित और सुसज्जित विद्यालय भवन खड़ा है, जो नियद



नेल्लनार अभियान के तहत विकास और विश्वास की सशक्त पहचान बनकर उभरा है। करीब 20 वर्षों से शिक्षा के अभाव का दंश झेल रहे इस क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा का पुनः संचालन और नवीन स्कूल भवन का निर्माण बच्चों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। अब बच्चों को पढ़ाई के लिए अस्थायी झोपड़ी नहीं, बल्कि सम्मानजनक और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हुआ है, जहां उनके सपनों को नई उड़ान मिलेगी। पूजा-अर्चना के साथ हुआ नवीन विद्यालय भवन का शुभारंभ- बीते दिनों ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंच, पेरमा पुजारी, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजनों की गरिमामयी उपस्थिति में पक्के स्कूल भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। प्राथमिक शाला जीड़पल्ली, संकुल केंद्र धरमारम के नवीन शाला भवन के उद्घाटन अवसर पर संकुल प्राचार्य पामेड, संकुल समन्वयक धरमारम, शिक्षक, विद्यार्थी, ग्राम के पुजारी, पेरमा, गायता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने जिला प्रशासन की इस पहल को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बताते हुए इसकी सराहना की। अंदरूनी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का निरंतर विस्तार- जिला प्रशासन द्वारा नियद नेल्लनार अभियान के अंतर्गत अंदरूनी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जीड़पल्ली का यह विद्यालय भवन उसी प्रयास का जीवंत उदाहरण है, जहां कभी शिक्षा पहुंचना एक चुनौती था, वहां आज विकास की रोशनी पहुंच चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल भवन के निर्माण से न केवल बच्चों की नियमित उपस्थिति में वृद्धि होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण भी तैयार होगा। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि सरकार और जिला प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति से सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी बदलाव संभव है, और शिक्षा ही उस बदलाव की सबसे सशक्त और स्थायी नींव है।

## भादूगुड़ा में टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का समापन

# इच्छापुर बी ने रोमांचक मुकाबले में जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा /भोण्ड

ग्राम पंचायत भादूगुड़ा में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 16 टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

- 16 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन



फाइनल टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचते ही विधायक ने फाइनल मैच में आमने-सामने उतरी दोनों टीमों के खिलाड़ियों से वन टू वन परिचय वार्ता कर उनका उत्साह बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। फाइनल मुकाबला कुमड़ाकोट एवं इच्छापुर-बी टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इच्छापुर-बी टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 95 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरी कुमड़ाकोट टीम ने शुरुआत में धीमी गति से रन बनाए, लेकिन जैसे-जैसे ओवर कम होते गए, मुकाबला रोमांचक होता चला गया। एक ओर कुमड़ाकोट टीम रन बनाने की होड़ में लगी थी, वहीं दूसरी ओर इच्छापुर-बी की टीम विकेट गिराने के लिए लगातार प्रयासरत रही।

मैच का रोमांच अंतिम ओवर तक बना रहा निर्णायक क्षणों में इच्छापुर-बी टीम के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए। आखिरी ओवर में 2 महत्वपूर्ण विकेट झटक लिए और मुकाबला 4 रनों से जीतकर फाइनल पर कब्जा जमा लिया।

मैच के पश्चात बस्तर विधायक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा निखारने, आपसी भाईचारे और अनुशासन की भावना को मजबूत करते हैं आयोजकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

इस दौरान मौजूद रहे मानसिंह कवासी, रूपसाय कोर्राम, टिंगाली कश्यप, धरम गोयल, राजेश कुमार, तुलसी राम ठाकुर, पंचराम कश्यप, जानकी, फूलसिंह, रतिराम, कुलेश्वर, बुदरू, चतुर, मुन्ना, नेहरू सम्पत, लछु, मोहन, सामो, भागरती, जगोराम, भागरती, गंगाराम एवं समस्त ग्रामवासी कार्यकर्त्तागण माता बहनें समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### वैद्य बद्रीनाथ को किया गया सम्मानित



**भानपुरी।** सिरहा गुनिया बैगा पारम्परिक वनौषधि वैद्य गायता पेरमा पुजारी संगठन छत्तीसगढ़ ईकाई लोहण्डीगुड़ा के वैद्य बद्रीनाथ कश्यप को बस्तर की पारम्परिक वनौषधि प्रदर्शनी में संगठन के संभागीय सचिव गणेश मण्डावी, प्रशासनिक प्रभाग के अध्यक्ष गोपाल मल, अध्यक्ष प्रेम सागर पंत, पादप बोर्ड वैद्य सकरू कोर्राम के मार्गदर्शन में लगाई गई प्रदर्शनी को जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय बस्तर पण्डुम में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा के द्वारा वैद्य बद्रीनाथ कश्यप को 10000 दस हजार रूपए प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगदीश मौर्य, बोगा मांझी, जनप्रतिनिधि कर्मचारी अधिकार उपस्थित रहे। राज्य सरकार द्वारा आयोजित यह उत्सव आदिवासी कला, संस्कृति,परम्परा और दण्डक वन में मिलने वाली दुर्लभ प्रजाति के विलुप्त होती वनौषधियों का अद्भुत संगम है। इस प्रकार के आयोजन से लोगों में सिर्फ उत्साह ही नहीं बल्कि बस्तर के युवाओं को यहां की आदिम संस्कृति और चिकित्सा पद्धति को जानने समझने और सिखने का मौका मिलेगा। सरकार यदि समृद्धशाली आदिम संस्कृति और परम्पराओं को विश्व विद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल करती है तो यहां के बच्चों को वन और वनौषधि को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी गोपाल मल्ल ने दी।

## केवायसी के नाम पर राशन रोके जाने व कटौती के विरोध में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

जिले में केवायसी के नाम पर गरीब एवं पात्र राशन कार्डधारियों का राशन रोके जाने एवं कटौती किए जाने के मामले को लेकर युवा कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा।

डेविड बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, लेकिन केवायसी की प्रक्रिया को आधार बनाकर कई जरूरतमंद परिवारों का राशन रोका जा रहा है, जिससे गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई कार्डधारियों का कहना है कि उन्होंने समय पर केवायसी करवा लिया है, इसके बावजूद राशन में कटौती या पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

युवा कांग्रेस ने मांग की कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के राशन बंद करना जनविरोधी कदम है।ऐसे सभी पात्र राशन कार्डधारियों को तत्काल पूरा राशन उपलब्ध कराया जाए तथा केवायसी से जुड़ी तकनीकी खामियों को शीघ्र दूर किया जाए। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

अभिषेक डेविड अध्यक्ष बस्तर जिला युवा कांग्रेस (ग्रामीण), सहदेव नाग पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, संतोष कश्यप, धरमू राम कश्यप, नकुल मौर्य, धनी दास, गौरव दास, मोहनीश नाग, सोमारू नाग, बालमन यादव, नरेंद्र कश्यप, उदय नाग, लेवो नाग, बबलू ठाकुर, शशि, नहुंच सेठीया व अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## डीएवी पॉलिटेक्निक में गौ विज्ञान पर हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में गौ विज्ञान परीक्षा के अवसर पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कुल 56 विद्यार्थियों ने गौ विज्ञान परीक्षा में पंजीकरण कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनेश्वर दास जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में गौ वंश से होगा पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए गौ संरक्षण, गौ आधारित अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सामाजिक मूल्यों में गौ माता की भूमिका को रेखांकित किया। उनके विचारों से विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को गौ सेवा के प्रति नई दिशा और प्रेरणा मिली। कार्यक्रम की



अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने की। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए गौ विज्ञान परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और गौ संरक्षण से जुड़े मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी विद्यार्थियों ने गौ वंश की रक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लिया और सामूहिक रूप से श्री सुरभ्यै नमः का उच्चारण किया, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना कार्यक्रम का समापन गौ संरक्षण के संकल्प और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## समाज को बढ़ाने सभी के सहयोग से करूंगा काम : नारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर जिला सुंडी समाज का बैठक जगदलपुर के कृषि उपज मंडी परिसर में आहूत किया गया। माता दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर समाज का बैठक प्रारंभ किया गया। इस दौरान समाज के सदस्यों व वर्तमान अध्यक्ष ने कई बिंदु पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया।



समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नारायण बिसाई को सुंडी समाज का अध्यक्ष मनोनीत 3 वर्ष के लिए किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज तभी मजबूत होता है जब हर व्यक्ति साथ मिलकर काम करें एकता के बिना कोई भी समाज सफल नहीं हो सकता। खासकर युवाओं को आगे बढ़कर समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए शिक्षा और जागरूकता से ही समाज का विकास होता है। एकता के बिना कोई भी समाज सफल नहीं हो सकता जो दायित्व दिए हो उसे मैं समाज को कैसे आगे बढ़ाना है,आप सभी के सहयोग से कम करूंगा।

समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकजुटता, शिक्षा, अनुशासन, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी जैसे प्रमुख पहलुओं पर जोर दिया। इस दौरान बैठक में पूर्व अध्यक्ष रघुराम सेठिया, महेंद्र सेठिया, अंगद सेठिया, फूलसिँह सेठिया, संतोष बिसाई,दयाराम सेठिया, उत्तम सेठिया, विधा सेठिया, जुगल किशोर सेठिया, सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में बालिकाओं के अधिकार व स्वास्थ्य पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में आज जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं को एनीमिया से बचाव, उनके अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण एवं सुरक्षा, बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न, सोशल मीडिया पर अनियंत्रित पोस्ट एवं इंफोग्राफिक के दुष्प्रभाव जैसे गंभीर विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा बालिकाओं को विभागीय योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालन योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, पोषण एवं देखरेख कार्यक्रम तथा पोस्ट केयर प्रोग्राम के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज जिले अंतर्गत एवं विकासखण्ड स्तर महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के विषय में जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार का आयोजन किया गया। इसके तहत महिलाओं को जानकारी दी गई कि लैंगिक उत्पीड़न अंतर्गत शारीरिक संपर्क, लैंगिक अनुग्रह की मांग, लैंगिक टिप्पणी, अश्लील लेखन दिखाना, लैंगिक प्रकृति का कोई अन्य अस्वीकार्य शारीरिक, मौखिक अथवा शाब्दिक आचरण इनमें से एक या अधिक कृत्यों को शामिल किया गया हैं। इसके अलावा किसी भी विभाग, संगठन उपक्रम, गैर शासकीय संगठन, कंपनी, निगम, अस्पताल, नर्सिंग होम, खेल कूद का संस्थान, शैक्षिक, मनोरंजन का स्थान जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन धारा 04 के अंतर्गत किया जाना अनिवार्य रहेगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है। इसके साथ ही जहां 10 से कम कर्मचारी होने के कारण आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया है अथवा शिकायत स्वयं नियोक्ता के विरुद्ध हो तब उसकी शिकायत स्थानीय शिकायत समिति को की जा सकेगी जिन संस्थाओं द्वारा समिति गठन नहीं किया गया है उन पर 50 हजार रूपये का जुर्माना का प्रावधान किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक सरिता देशमुख, संरक्षण अधिकारी रवि शंकर सनाढ्य, काउंसलर शशिकांत झा, महाविद्यालय की प्राचार्य अर्चना झा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री तनुजा बेलसरिया, जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष बबीता पाण्डे, मनीषा ठाकुर, सखी प्रभारी संगीता देवांगन, केस वर्कर रेखा सिंह, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मत्स्य उत्पादन कर बोडो कश्यप बनीं सफल पालक



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन धान्य योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का लाभ पाकर मड़से (गीदम) की बोडो कश्यप आज महिला स्वावलंबन की प्रेरक उदाहरण बन चुकी हैं। उन्होंने अपनी मात्र 0.10 हेक्टेयर भूमि पर पॉन्ड लाइनर (सेमी बायोफ्लॉक) तकनीक अपनाकर खेती के साथ मत्स्य पालन को जोड़ते हुए आय के नए अवसर तैयार किए। विभागीय विशेषज्ञों एवं फील्ड अधिकारियों के मार्गदर्शन में उनके खेत में आधुनिक पॉन्ड लाइनर निर्माण किया गया, जिससे पानी लंबे समय तक सुरक्षित रहा और मछलियों की वृद्धि अधिक तेज हुई। इस तकनीक का प्रत्यक्ष लाभ यह मिला कि उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई और उनकी वार्षिक आमदनी लगभग 2 लाख रुपये तक पहुँच गई। बोडो कश्यप को विभाग द्वारा मत्स्याखेट उपकरण, आइस बॉक्स एवं अंगुलिका संचयन जैसी सुविधाएँ भी प्राप्त हुईं, जिससे उनका उद्यम और मजबूत हुआ। आज उनकी मेहनत, नवाचार और सरकारी योजनाओं के बेहतर उपयोग ने उन्हें जिले की अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए एक प्रेरक मार्गदर्शक बना दिया है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि यदि सही दिशा, तकनीक और संकल्प हो तो छोटे संसाधन भी बड़ी आर्थिक प्रगति का मार्ग खोल सकते हैं।

# देव आस्था की भूमि अतिक्रमण से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

चट्टानपारा क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाकर पवित्र देव स्थलों की भूमि को मुक्त कराए जाने पर चिकट राज कल्याण समिति के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर संबित मिश्रा से सौजन्य भेंट कर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने प्रशासन की इस कार्रवाई को आस्था, परंपरा और कानून तीनों की रक्षा करने वाला कदम बताया।

समिति के पदाधिकारियों में देव सियान, ग्राम प्रमुख मेघनाथ मांझी, परगना मांझी रामशंकर साहनी, मोदुल सिरहा सुखनाथ मांझी तथा सिरहा, ग्राम प्रमुख फागू राम साहनी ने बताया कि उक्त भूमि न केवल वन मद की शासकीय भूमि है, बल्कि चिकट राज देव, कोण्डराज



देव एवं कारी कंकालीन माता के पीड़ा पटानी एवं देव धामी से संबंधित पवित्र स्थल है, जहां प्रतिवर्ष पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मांझीपारा, अमानपारा, बैदरगुड़ा, बांडागुड़ा, भट्टीपारा, नयापारा, कन्हईगुड़ा सहित कुल 11 प्रमुख पाराओं के ग्राम प्रमुखों ने सर्वसम्मति से बैठक कर जिला, वन एवं नगरीय प्रशासन को अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन दिया था। प्रशासन द्वारा जनभावनाओं का सम्मान करते हुए की गई कार्रवाई से समिति एवं ग्रामीणों में संतोष और प्रसन्नता का माहौल है। जिला प्रशासन ने पुनः स्पष्ट किया है कि शासकीय एवं वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष अप्रैल माह में बीजापुर के आराध्य देव चिकट राज का भव्य मेला आयोजित किया जाता है।

समिति के आग्रह पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा मेला दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने से श्रद्धालुओं में विशेष हर्ष व्याप्त है। समिति के प्रतिनिधियों ने स्थानीय अवकाश की घोषणा पर भी जिला प्रशासन एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।



# केवडिया भ्रमण से आदिवासी के सपनों को मिला नई उड़ान व एकता का संदेश

## आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 40 युवाओं को मिला भ्रमण का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के आदिवासी युवाओं के लिए यह सप्ताह एक यादगार अनुभव की शुरुआत लेकर आया, जब मेरा युवा भारत के अंतर्गत आयोजित आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल होने वाले 40 चयनित प्रतिभागियों को 18 जनवरी को कांकेर में विशेष ब्रीफिंग के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी युवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियों से परिचित कराते हुए उनमें राष्ट्रीय एकता, आपसी समझ और आत्मविश्वास को सशक्त बनाना है। ब्रीफिंग के दौरान प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि वे 20 से 26 जनवरी तक गुजरात के केवडिया भ्रमण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस दौरान युवाओं को केवडिया स्थित राष्ट्रीय महत्व के स्थलों, प्रमुख विकास परियोजनाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं शैक्षणिक गतिविधियों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

यह भ्रमण न केवल जानकारीवर्धक होगा, बल्कि युवाओं को नई सोच अपनाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझने की प्रेरणा भी देगा। प्रतिभागियों की सुरक्षा और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भ्रमण दल के साथ बीएसएफ और आईटीबीपी के दो-दो महिला एवं पुरुष जवानों को स्कॉर्ट के रूप में तैनात किया गया है।



### अनुभव किया साझा

ब्रीफिंग सत्र में अधिकारियों एवं जवानों ने यात्रा के दौरान पालन किए जाने वाले नियमों, समय-सारिणी, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को यह भी समझाया गया कि वे इस यात्रा को एक सीखने के अवसर के रूप में लें और भ्रमण से लौटकर अपने अनुभवों को अपने क्षेत्र के अन्य युवाओं के साथ साझा करें, ताकि इसका सकारात्मक प्रभाव व्यापक स्तर पर देखने को मिले। साथ ही, यात्रा के दौरान आपसी सहयोग, अनुशासन और सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने की अपील की गई।

---

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायतों के लिए 154.80 करोड़ की द्वितीय किस्त जारी

**कांकेर।** जनपद पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले की सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों के लिए द्वितीय किशत की राशि 01 करोड़ 54 लाख 80 हजार रूपए का आबंटन प्राप्त हुआ है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि प्राप्त आबंटन की राशि जनपद पंचायत के अध्यक्ष के लिए 03 लाख रूपए, उपाध्यक्ष के लिए 01 लाख 80 हजार रूपए तथा प्रति सदस्यों के लिए 01 लाख 20 हजार रूपए के मान से कुल 01 करोड़ 54 लाख 80 हजार रूपए जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत अंतागढ़ के लिए 18 लाख रूपए, भानुप्रतापपुर के लिए 19 लाख 20 हजार रूपये, चारामा के लिए 22 लाख 80 हजार रूपए, दुर्गुकोंदल के लिए 15 लाख 60 हजार रूपए, कांकेर के लिए 21 लाख 60 हजार रूपए, कोयलीबेड़ा के लिए 32 लाख 40 हजार और जनपद पंचायत नरहरपुर के लिए 25 लाख 20 हजार रूपए की राशि जारी की गई है।

### दो दिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 21 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केंद्र कलंगपुरी के ग्राम कलारपारा छिन्दगांव में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 जनवरी को होगा। खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 80, 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक जैसी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के साथ-साथ आलू दौड़, गोली चुम्मा दौड़, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़, रिले रेस, फुगड़ी, रंगोली प्रतियोगिता सहित कई रोचक एवं पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा।

### कोयलीबेडा ब्लाक कांग्रेस कमेटी में नए पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

**कोयलीबेडा।** जिले में संगठन सृजन के तहत कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए जिला एवं ब्लाक कमेटी के नए पदाधिकारीयों का नई नियुक्ति कर संगठनातमक विस्तार किया गया है, जिसमें कोयलीबेडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए अनिल दर्रो को नियुक्त किया गया। युवा कांग्रेस के जिला पदाधिकारी के लिए युवा जनपद सदस्य विनोद उसेडी को युवा कांग्रेस का जिला महामंत्री बनाया गया एवं युवा कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष के लिए सुरेश सिंह बघेल, शहर अध्यक्ष के लिए सतीश सहारे को युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। नियुकति की घोषणा होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। नव नियुक्त सभी पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतारने का प्रयास करेंगे संगठन को बूथ स्तर तक के युवाओं को पार्टी विचारधारा से जोड़ना है। क्षेत्र के गरीब आम जनता किसान की जनहित की मुद्दों के लेकर सरकार से संघर्ष करना है। सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेंगे और पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे व सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयो ने शीरष नेंतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### निधन

#### झीटी राम कुमेटी



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पडगाल निवासी झीटी राम कुमेटी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम पडगाल में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार शामिल हुए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

---

## कार्रवाई : दुष्कर्म सहित कई गंभीर आपराधिक मामने में आरोपी की थी तलाश

# 40 दिन बाद दुष्कर्म का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार, सतत निगरानी से पुलिस कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ पुलिस को बार-बार चकमा दे रहा था

नाबालिग से दुष्कर्म जैसे गंभीर और संवेदनशील अपराध में फरार चल रहे इनामी आरोपी को अंतागढ़ पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। करीब 40 दिनों तक लगातार स्थान बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी पुलिस की सतत निगरानी, तकनीकी सहायता और सटीक रणनीति के आगे ज्यादा देर तक नहीं टिक सका।

मामला थाना अंतागढ़ क्षेत्र का है, जहां पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया था कि आरोपी गुलशन निषाद पिता युवराज निषाद, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी संजय नगर अंतागढ़ ने नाबालिग बच्ची के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता को अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर लगातार इस घिनौने अपराध को अंजाम दिया। इस संबंध में थाना अंतागढ़ में अपराध क्रमांक 03/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास पहले से मौजूद है।

इसके पूर्व भी थाना अंतागढ़ में उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 48/2025 दर्ज है, जिसमें नाबालिग के साथ जबरन शारीरिक संबंध का मामला सामने आया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन आरोपी मोबाइल बंद रखकर और बार-बार ठिकाने बदलकर फरार बना रहा। पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर 19 जनवरी को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### रायपुर में पकड़ाया आरोपी

अंतागढ़ पुलिस को 18 जनवरी को जानकारी मिली कि आरोपी रायपुर में किसी से मिलने आने वाला है। जानकारी मिलते ही अंतागढ़ पुलिस टीम ने तत्काल रवाना होकर रेलवे स्टेशन रायपुर के आसपास घेराबंदी की। तकनीकी सहायता और साइबर सेल के सहयोग से आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी गई। शाम करीब 7 बजे आरोपी गुलशन निषाद को घेरकर दबोच लिया गया और उसे सुरक्षित रूप से अंतागढ़ लाया गया।

### 10 हजार को घोषित किया गया था इनाम

आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के द्वारा उस पर 10 हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ के पर्यवेक्षण में विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने रायपुर, दुर्ग, बालोद, कांकेर सहित अन्य जिलों और राज्य के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी।

---

# अधिकारी को बचाने विभाग मनरेगा मजदूरी का कर रहा नकद भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



जल संसाधन विभाग द्वारा मनरेगा के तहत जनकपुर में नहर लाइनिंग कार्य, वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य व पुलिया निर्माण कार्य के लिए जेसीबी और डोजर का प्रयोग किया गया है। ग्राम पंचायत घोठा के पूर्व सरपंच राम प्रसाद कावड़े ने बताया कि जल संसाधन विभाग के ग्राम पंचायत परवी के आश्रित ग्राम जनकपुर में मनरेगा के तहत तालाब के माइनर में नहर लाइनिंग कार्य एवं वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य 6 महीने पूर्व मशीनों से कराया गया था। कुछ राशि का भुगतान मजदूरों के खाते में ऑनलाइन कर दिया गया तथा शेष राशि भुगतान विभाग के अधिकारी द्वारा नगद कराया गया है। ज्ञापन में सरपंच ने लिखा है कि 34 हज़ार 452 रुपए मजदूरी भुगतान शेष है। 12000 रुपए ट्रेक्टर मुरुम का शेष है व डोजर से काड़ा नाली मेड़ हटाया एवं मिट्टी डाला गया कुल 15.45 घंटा काम हुआ। उन्होंने विभाग के एसडीओ व इंजीनियर पर निलंबन की कार्यवाही की माग की है। गोलमाल को छुपाने के लिए मजदूर और ग्रामीणों के साथ-साथ वाहन मालिको को भी नगद भुगतान कर सेट किया जा रहा है। जेसीबी से पुलिया खुदाई एवं कैनाल में मुरूम डाला गया, जिसमें कुल 18.27 घंटा काम हुआ है। इसके अलावा रेत डालने वालों का 45000 पानी ढुलाने के काम में लगा ट्रैक्टर, जिसका 18000 बकाया है, इसके अलावा कई व्यापारियों से सामग्री का भी लाखों रुपए भुगतान लंबित है, जिसे नगद करने की बात सामने आ रही है।

# अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिला प्रशस्ति पत्र



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा कांकेर जिले में अध्यनरत प्रतिभावान अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन एवं पारसी शिक्षा सत्र 2024-25 के छात्र छात्राओं का कैरियर काउंसिलिंग शैक्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य आतिथि आईटीबीपी कमांडेंट तरुण बनर्जी, सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े की अध्यक्षता एवं जयश्री शुक्ला प्राचार्य के विशिष्ठ अतिथि में शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लट्टीपारा कांकेर में संपन्न हुआ। इस समारोह में अल्पसंख्यक समुदाय के जिले भर के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सम्मेलन में छात्र-छात्राओं को विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर भी प्रदान किया गया और साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए शिक्षाविद एवं विशेषज्ञ तरुण बनर्जी के द्वारा द्वारा प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल कैरियर के लिए काउंसलिंग की गई एवं शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया गया।

---

## मोटिवेशनल कार्यक्रम 20 से 23 जनवरी तक

# बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम लाना हमारा लक्ष्य : कलेक्टर नीलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत लाने के उद्देश्य से हमर लक्ष्य मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन में संपूर्ण कांकेर जिले में 20 से 23 जनवरी तक एक साथ संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि जिले की कोई भी छात्रा बोर्ड परीक्षा में असफल न हो। उन्होंने कहा कि हमर लक्ष्य कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। सभी अधिकारी एवं शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक छात्रा को उचित मार्गदर्शन और प्रेरणा मिले। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक नवनीत कुमार पटेल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल स्तर पर मोटिवेशनल कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें छात्राओं को परीक्षा तैयारी, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन और आत्मविश्वास बढ़ाने के विषय में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। 20 जनवरी नरहरपुर चारामा एवं अंतागढ़ टीम 1 प्रभारी दुर्गेश शोरी एडी हायर सेकेंडरी स्कूल अमोडा प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल सुरही दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-2 प्रभारी पंकज श्रीवास्तव एपीसी हायर सेकेंडरी स्कूल नरहरपुर प्रातः 10 से 1:30 बजे,हायर सेकेंडरी स्कूल जेपरा चारामा दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-3 प्रभारी केके नाग बीआरसी सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल अंतागढ़ प्रातः 10 से 1:30 बजे हायर सेकेंडरी स्कूल भैसासुर दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-4 प्रभारी ज्ञानेश बंधु आर्य एपीसी हायर सेकेंडरी स्कूल आमाबेडा प्रातः 10 से 1:30 बजे हायर सेकेंडरी स्कूल ताडोकी दोपहर 2 से 4 बजे। 21 जनवरी चारामा एवं भानुप्रतापपुर टीम-1 प्रभारी पोखन सिन्हा एडीपीओ सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल चारामा प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल लखनपुरी दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-2 प्रभारी केके गंजीर बीईओ हायर सेकेंडरी स्कूल लिलेझर प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल पुरी दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-3 प्रभारी मुकेश सोनवानी एबीईओ, सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल भानुप्रतापपुर प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल संबलपुर दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-4 प्रभारी लक्ष्मण कावड़े एडी हायर सेकेंडरी स्कूल मूंगवाल प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल कोरर दोपहर 2 से 4 बजे।

### तिथि और समय वार कार्यक्रम घोषित

22 जनवरी कांकेर एवं कोयलीबेड़ा टीम-1 प्रभारी प्रकाश सेन एडी सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल नरहरदेव प्रातः 10 से 1:30 बजे, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-2 प्रभारी दीपक ठाकुर एबीईओ हायर सेकेंडरी स्कूल कान्हारपुरी प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल धनेलीकन्हार दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-3 प्रभारी वैभव मेश्राम एडीपीओ हायर सेकेंडरी स्कूल छोटे कापसी प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल गोण्डाहुर दोपहर 2 से 4 बजे, टीम-4 प्रभारी अमित सरकार एबीईओ हायर सेकेंडरी स्कूल बांदे प्रातः 10 से 1:30 बजे, हायर सेकेंडरी स्कूल पखांजूर दोपहर 2 से 4 बजे। 23 जनवरी अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल टीम-1 प्रभारी ज्ञानेश बंधु आर्य एपीसी हाई स्कूल मुल्ले दोपहर 12 से 2:30 बजे, टीम-2 प्रभारी वैभव मेश्राम एडीपीओ हायर सेकेंडरी स्कूल कोयलीबेड़ा दोपहर 12 से 2:30 बजे, टीम-3 प्रभारी मुकेश सोनवानी एबीईओ हायर सेकेंडरी स्कूल भीरागांव दोपहर 12 से 2:30 बजे, टीम-4 प्रभारी अंजली मंडावी एबीईओ सभा कक्ष, जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल दोपहर 12 से 2:30 बजे। जिला प्रशासन का मानना है कि हमर लक्ष्य मोटिवेशनल कार्यक्रम से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### कुरुभाट में 21 से हनुमंत यज्ञ और संगीतमय कथा होगी

**चारामा।** विकासखंड चारामा अंतर्गत ग्राम कुरुभाट में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में हनुमंत यज्ञ एवं हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 21 से 23 जनवरी तक हनुमान मंदिर ग्राम कुरुभाट में संपन्न होगा।

आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह दिव्य अनुष्ठान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या के पावन अवसर पर श्रीदुःख हरण हनुमान बालाजी सरकार एवं जानकीरमण सरकार की असीम कृपा से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः स्मरणीय सद्गुरुदेव एवं सन्यासी बाबा के सूक्ष्म सानिध्य में किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 20 जनवरी को भव्य कलश यात्रा से होगी। इसके पश्चात 21, 22 एवं 23 जनवरी को संगीतमय हनुमंत कथा सुंदरकांड महत्तम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः 7 से 10 बजे तक यज्ञ आहुति संपन्न होगी, वहीं दोपहर 2 से 5 बजे तक श्री हनुमंत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कथा का वाचन परायणकर्ता बलराम प्रसाद शर्मा सिरकट्टी आश्रम कुटेना द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बाल कथा व्यास नीतराज साहू बागेश्वर धाम शिष्य, डुमरपानी की विशेष उपस्थिति रहेगी।

---

## माइंस प्रबंधन ने 211 मजदूरों की भर्ती का आश्वासन था दिया

# माइंस में स्थानीय मजदूरों की भर्ती की मांग पर काम रोकने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



कलवर माइंस में स्थानीय मजदूरों की भर्ती एवं प्रशिक्षण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब चरम पर पहुंच गया है। लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर ग्रामीणों ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इसी कड़ी में ग्रामीणों ने भिलाई इस्पात संयंत्र बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो 16 जनवरी 2026 से माइंस का काम अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि माइंस प्रबंधन द्वारा पूर्व में कुल 211 स्थानीय मजदूरों की भर्ती का आश्वासन दिया गया था। किंतु अब तक इस प्रक्रिया में 50 मजदूरों की भर्ती शेष है। इसके अलावा, चयनित किए गए 13 मजदूरों को अब तक आवश्यक प्रशिक्षण नहीं दिया गया है, जिससे वे कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति को लेकर स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि माइंस प्रबंधन और संबंधित एजेंसी द्वारा जानबूझकर प्रक्रिया में देरी की जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित रहना पड़ रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 तक भर्ती और प्रशिक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाती, तो ग्रामीण माइंस में चल रहे समस्त कार्यों को रोक देंगे। आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की आर्थिक क्षति या अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने की पूर्ण जिम्मेदारी माइंस प्रबंधन एवं देव माइनिंग की होगी। इसके साथ ही ग्रामीणों ने कार्यक्रम एवं खेलकूद के लिए आवंटित 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि को लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह राशि केवल समिति के सीमित सदस्यों की उपस्थिति में न देकर पंचायत समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से दी जानी चाहिए। यदि इसमें पारदर्शिता नहीं बरती जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी भी प्रबंधन की होगी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों ने ज्ञापन की प्रतियां तहसीलदार दुर्गूकोंदल, देव माइनिंग प्रबंधक एवं स्थानीय चौकी प्रभारी को भी प्रेषित की हैं, ताकि प्रशासन समय रहते हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित कर सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीण महिलाएं, युवा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

## डाकघरों में डिजिटल भुगतान की सुविधा

**कांकेर।** डाक विभाग डिजिटल क्रान्ति की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी कड़ी में अब डाकघरों में क्यूआर कोड से स्कैन एवं पॉस मशीन से भुगतान करने की सुविधा प्रारम्भ हो चुकी है। यह पूरे छत्तीसगढ़ परिमंडल के सभी विभागीय डाकघरों में प्रारम्भ हो चुकी है। वर्तमान में स्पीड पोस्ट, पार्सल एवं अन्य भुगतान हेतु यह सुविधा उपलब्ध है। ग्राहक अपने स्मार्ट फोन, डेबिट, क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके डाक सेवाओं की फीस आदि का भुगतान कर सकते हैं। डाक विभाग अपने ग्राहकों को तकनीकी आधारित सुगम सुविधाजनक सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 17 मार्च से 27 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411